**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल ने दुःख व्यक्त किया

लखनऊ: 6 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री लालकृष्ण आडवाणी की पत्नी श्रीमती कमला आडवाणी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि 'श्रीमती कमला आडवाणी वास्तव में अर्धांगिनी थीं। जब श्री लालकृष्ण आडवाणी चुनाव एवं पार्टी के कार्यों में व्यस्त होते तो श्रीमती कमला आडवाणी घर और परिवार के दायित्वों को संभालने के साथ-साथ चुनावी प्रचार-प्रसार में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी।'

श्री नाईक ने दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने की कामना करते हुए ईश्वर से यह भी प्रार्थना की है कि दुःखी परिजनों को इस दारूण दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

----

अंजुम/ललित/राजभवन (137/13)